कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.10.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

नेट मॉडल परीक्षा का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट की मॉडल परीक्षा का आयोजन किया गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट का आयोजन किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अंतर्महाविद्यालयीन स्तर पर मॉडल टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग जिले विभिन्न महाविद्यालयों से 59 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मॉडल परीक्षा में कु0 टिटदीप मरकाम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरव वर्मा एवं कु0 रेणुका ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सभी प्रतिभागियों को परीक्षापयोगी सामग्री से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि साईंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डॉ0 आर0 एन0 सिंह थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ0 आर0 एन0 सिंह कहा कि इस तरह के मॉडल टेस्ट परीक्षाओं में सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं और अभ्यास के द्वारा विद्यार्थियों को निर्धारित समय में अधिक से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 तिवारी ने अर्थशास्त्र विभाग की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सभी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को हिस्सा लेना चाहिए, जो उनके कैरियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के डॉ0 मुक्ता बाखला एवं डॉ0 दीपक कश्यप ने परीक्षा के संचालन में सक्रीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

गर्ल्स कॉलेज में

नेट मॉडल परीक्षा का आयोजन